2811 Sale 3,62,000/- 2503

भारतीय गैर न्यायिक

10000 रु. Rs.10000

दस हजार रुपये

RUPEES TEN THOUSAND

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

05AA 256480

दस्तावेज जाँच किया

जाँचकर्ता

## बिक्रय पत्र कीमत कुल 3,62,000/–रूपये मात्र

बिक्रेता :–बैद्यनाथ ग्लास वर्क्स प्राईवेट लिमिटेड, रजिष्टर्ड ऑफिस न0 12, मुरलीधर सेन लेन, थाना जोड़ासाखो, कोलकाता–7, वजरिये प्रबन्ध निदेशक श्री रमेश कुमार झुनझुनवाला, पिता स्वर्गीय ब्रह्मदत्त झुनझुनवाला, जाति मारवाड़ी वैश्य, पेशा व्यूवसाय, साकिन न0 12, मुरलीधर सेन लेन, थाना जोड़ासाखो, कोलकाता–7

क्रेता :–श्रीमती सलोनी कुमारी, पति श्री राजेन्द्र प्रसाद राय, जाति भूमिहार ब्राह्मण, पेशा गृहस्वामीनी, साकिन मीना बाजार मधुपुर, थाना मधुपुर, सबडिविजन व सबरजिष्ट्री मधुपुर, सदर निबंधन कार्यालय व जिला देवघर, राज्य–झारखण्ड, राष्ट्रीयता–भारतीय।



Samsung 64 MP Camera
Shot with my Galaxy M31 64 MP

INDIA NON JUDICIAL

१000रु. Rs 1000

सत्यमेव जयते

भारत

एक हज़ार रूपये ONE THOUSAND RUPEES

<u>लेख्य प्रकार</u> :–बिक्रय पत्र।

<u>बिक्रीत सम्पत्ति की कीमत</u> :–कुल 3,62,000/–तीन लाख बरसठ हजार रूपये मात्र।

<u>बिक्रीत सम्पत्ति का विवरण</u> :–निम्न अनुसूची सम्पत्ति में वर्णित है।

विदित हो कि जिला संथाल परगना, वर्तमान जिला देवघर, सबडिविजन व सबरजिष्ट्री देवघर, हाल सबडिविजन मधुपुर, थाना मधुपुर, तालुक पाथरोल तरफ लालगढ़, सामील मौजा पथरचपटी के अन्दर मोरस्सी मोकररी सत्व की बसौड़ी जमीन, मेकफरसन सर्वे सेटलमेन्ट प्लाट न0 514 रकवा 4 (चार) कटठा, (13) तेरह धुर व मेकफरसन सर्वे सेटलमेन्ट प्लाट न0 515 रकवा 9 (नौ) बीघा, 9 (नौ) धुर एवं मेकफरसन सर्वे सेटलमेन्ट प्लाट न0 937 रकवा 3 (तीन) कटठा, 17 (सतरह) धुर, मोट रकवा 9 (नौ) बीघा, 8 (आठ) कटठा, 19 (उन्नीस) धुर, मय मकान, कुआँ व वृक्षादि, अन्दर मेकफरसन सर्वे सेटलमेन्ट बसौड़ी जमाबंदी न0 124, अन्दर हलका मधुपुर नगरपालिका होल्डिंग न0 110, उसके बाद नया होल्डिंग न0 112, अन्दर हलका मधुपुर नगरपालिका वार्ड न0 15, मय कुल हक



Samsung 64 MP Camera
Shot with my Galaxy M31 64 MP

१000रु. Rs 1000

भारत

एक हज़ार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

हकुक, उपर्युक्त हम बिक्रेता दिनांक 30/09/1972 ईस्वी में लिखित व दिनांक 04/10/1972 ईस्वी में निबंधन कार्यालय कलकत्ता से निबंधित बिक्रय पत्र पुस्तक संख्या 1, जिल्द संख्या 173, पृष्ठ संख्या 133 से 139 में निबंधित जिसकी संख्या 5101 वर्ष 1972 ईस्वी के द्वारा, पियारे लाल अग्रवाल वगैरह से खरीद किये, **बिक्रय पत्र की छायाप्रति संलग्न, अनुलग्नक–1 व मेकफरसन सर्वे सेटलमेन्ट पर्चा की छायाप्रति संलग्न, अनुलग्नक–2**

उपर्युक्त हम बिक्रेता उक्त खरीदगी सम्पत्ति पर दखल कब्जा लेकर तथा अंचल कार्यालय मधुपुर में नामान्तरण वाद संख्या 78/1973–74 के द्वारा दिनांक 13/01/1974 ईस्वी के अनुसार राजस्व विभाग के पंजी II में अपना नाम दर्ज करवाकर सालाना खजाना आदाय करते हुए बहैसियत पूर्ण मालिक आजतक निर्विवाद रूप से भोगवान व दखलकार हैं, **नामान्तरण आदेश की छायाप्रति संलग्न, अनुलग्नक–3 व खजाना रसीद की छायाप्रति संलग्न, अनुलग्नक–4**

In the High Court of Jharkhand at Ranchi W.P. (C) No. 4458 of 2011 के आदेश की छायाप्रति संलग्न, अनुलग्नक–5



Samsung 64 MP Camera
Shot with my Galaxy M31 64 MP

INDIA NON JUDICIAL

१000रु. Rs 1000

सत्यमेव जयते
भारत

एक हजार रूपये ONE THOUSAND RUPEES

अभी उपर्युक्त हम बिक्रेता को रूपये की जरूरत है, इसलिये उक्त सम्पत्ति के अन्दर रकवा 2,800 वर्गफीट जिसका पूर्ण विवरण निम्न अनुसूची सम्पत्ति में वर्णित है, को बिक्री करने का ऐलान किये।

आप क्रेता इसे अभी के बाजार भाव की दर से अधिकतम कीमत पर अपने संचित स्त्रीधन से खरीद करने की इच्छा जाहिर करने पर उभय पक्ष की मंजुरी से इसकी कीमत कुल 3,62,000/–तीन लाख बरसठ हजार रूपये कायम हुए।

अतएव आज तारीख मैं बिक्रेता, आप क्रेता से कीमत के कुल 3,62,000/–तीन लाख बरसठ हजार रूपये निम्न वर्णित रकम प्राप्ति रसीद अनुसार लेकर निम्न अनुसूची सम्पत्ति में वर्णित सम्पत्ति जो संलग्न नक्शा में लाल रंग से रंगा अंश में दिखाया गया है, मय कुल हक हकूक, आप क्रेता के पास बिक्री कर दिया और आपके दखल कब्जे में दे दिये।



Samsung 64 MP Camera
Shot with my Galaxy M31 64 MP

1000 Rs.




3.12.13

अब आप क्रेता, हम बिक्रेता के सत्व व दखल से सत्ववती व दखलकारीणी होकर मय अपने उत्तराधिकारी मय वारिसान व स्थलाभिषिक्तगण क्रम से भोग, दखल, दान, बिक्री, मौरगेज व नाना प्रकार के वारदेन व हस्तान्तरण आदि करने की अधिकारीणी होकर स्वेच्छा पूर्वक भोग दखल करती रहें, इसमें हम बिक्रेता मय स्थानापन्न उत्तराधिकारी वारिसान को किसी भी तरह की उज्र आपत्ति नहीं होगी न कोई कर सकेगा, अगर कोई करे तो वह न्यायालय से निरस्त होगा।

निम्न बिक्रीत सम्पत्ति के हम बिक्रेता ही मालिक हैं, इसमें दूसरा कोई अंशदार या दखलकार नही है, व इसके पहले निम्न सम्पत्ति को किसी के पास किसी तरह का दाय संयूक्त या हस्तान्तरण आदि नहीं किये हैं, हर तरह से व हर तरफ से साफ व पाक है।

निम्न बिक्रीत सम्पत्ति के सम्बन्ध में अगर भविष्य में, हम बिक्रेता मय स्थानापन्न उत्तराधिकारी वारिसान को कुछ लिखना या करना पड़ेगा तो ऐसी स्थिति में आप क्रेता मय वारिसान के अनुरोध व खर्च से वैसा लिखने व करने को तैयार रहेंगे।



Samsung 64 MP Camera
Shot with my Galaxy M31 64 MP




3.12.13

अतएव आज तारीख उपर्युक्त हम बिक्रेता स्वेच्छा से मन व शरीर की स्वस्थता में रहकर बिना किसी के दवाब या बहकावे के कीमत के कुल रूपये निम्न वर्णित रकम प्राप्ति रसीद अनुसार लेकर यह बिक्रय पत्र लिख दिये जो प्रमाण रहे, दिनांक 03-12-2013,

**अनुसूची सम्पत्ति**

थाना नं0 271, जिला देवघर, जिला निबंधन कार्यालय देवघर, सबडिविजन, सबरजिष्ट्री व थाना मधुपुर, सामिल मौजा पथरपचटी के अन्दर सर्वेक्षित बसौड़ी सत्व की हस्तान्तरणीय जमीन रकवा 2,800 वर्गफीट (दो हजार आठ सौ वर्गफीट) यानि 6.427 डिसमिल परती जमीन, अन्दर मिलजुमले मेकफरसन सर्वे सेटलमेन्ट प्लाट न0 514, 515 व 937, अन्दर मेकफरसन सर्वे सेटलमेन्ट बसौड़ी जमाबंदी न0 124, टाउन प्लान प्लाट न0 814, अन्दर थोका न0 221, अन्दर हलका मधुपुर नगरपालिका वार्ड न0 15, नया 18, जो संलग्न नक्शा में लाल रंग से रंगा हुआ अंश में दिखाया गया है, मय कुल हक हकूक बिक्री किया जिसकी चौहद्दी :–

उत्तर :–राकेश खण्डेलवाल की खरिदगी जमीन।

इधर की माप पुरबा पश्चिमा 40′–00′ फीट।



Samsung 64 MP Camera
Shot with my Galaxy M31 64 MP

दक्षिण :–15–00″ फीट चौड़ा कॉमन पैसेज।
इधर की माप पुरबा पश्चिमा 40′–00″ फीट।

पुरब :–बिक्रेता की जमीन।
इधर की माप उत्तरा दखिना 70′–00″ फीट।

पश्चिम :–13′–00″ फीट चौड़ा कॉमन पैसेज।
इधर की माप उत्तरा दखिना 70′–00″ फीट।

**घोषणा :–**उक्त बिक्रीत सम्पत्ति अन्य सड़क में है जो आवासीय है। निर्धारित मूल्यांकन के अनुसार स्टाम्प दिया गया है।

**गवाहान**

रघुनन्दन सिंह. पिता. स्व० मनोज सिंह
ग्राम– खिमदा
पो०– कुंजोड़ा
थाना– पालाजोरी
जिला– देवघर

(2) मुकेश चौधरी पिता किशोर चौधरी
ग्राम- कजरा थाना मधुपुर देवघर
3.12.13

Ramnarayan
3.12.13



Samsung 64 MP Camera
Shot with my Galaxy M31 64 MP

# रकम प्राप्ति रसीद

3.12.13

1. NEFT No HDFC 0000014 dated 25.7.13 UTR No VCGBH 13206076842 of Rs — 90,005=00

(2) UTR VCGBH13 206076769 — 90,005=00

(2) UTR No VCGBH13206076769 — 20,005=00

(3) UTR No VCGBH 1331703484 — 90,005=00

(4) UTR No VCGBH 1331703485 — 68005=00

(5) By cash of Rs ———— 3975=00


Total- 3,62,000=00

Three Lac Sixty Two Thousand only as full and final Consideration money.




Samsung 64 MP Camera
Shot with my Galaxy M31 64 MP

छायाचित्र, हस्ताक्षर व टीप निशान :–







Saloni Kumari
03/12/13



दस्तावेज पढ़कर फरीकैन को सुना व समझा दिया, प्रारूप कर्ता सीताराम पंडित
डीड रायटर देवघर, दिनांक 03-12-2013
प्रमाणित किया जाता है कि प्रत्येक व्यक्ति जिनका छायाचित्र दस्तावेज में लगा है, के बॉये हाथ के अंगुलियों के निशान मेरे द्वारा लिये गये हैं, सीताराम पंडित
डीड रायटर देवघर, दिनांक 03-12-2013



Samsung 64 MP Camera
Shot with my Galaxy M31 64 MP